हरिभूमि
महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 25 मार्च 2024
[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

बरोंडाबाजार



होलिकोत्सवः आज मनेगी धुरेडी, चारों ओर बिखरेगा रंग

# रंगोत्सव से पहले ही रंग गुलाल से सराबोर हुए लोग

**होली पर रंग गुलाल आज उड़ेगा लेकिन, होलिका दहन रविवार होने के कारण दिनभर खुमारी छाई रही। स्कूल और कॉलेजों में छुट्टियों से पहले ही छात्रों ने जमकर रंग गुलाल उड़ाए। इधर, बच्चें शनिवार-रविवार को अपने लिए पिचकारियां और रंगों का चुनाव करते नजर आए। बतां दें कि होली पर्व को शांति पूर्ण मनाने और आचार संहिता के दौरान कानून व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस की तगड़ी व्यवस्था के साथ हुड़दंगियों को खास नजर रहेगी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रविवार को होलिका दहन पर देर रात होलिका दहन हुआ। शहर के गली-मोहल्लों में होलिकोत्सव समिति के लोग सुबह से होलिका दहन की तैयारी में दिनभर व्यस्त दिखे और पूजा अर्चना कर रात तक होलिका दहन किया। शहर में करीब सौ से अधिक स्थानों पर होलिका दहन हुआ। होली का उत्साह युवाओं में सिर चढ़ कर बोल रहा है। शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में नगाड़ों की थाप और फाग गीतों का गायन शुरू हो गया है। पर्व को लेकर बच्चों में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है, जो अभी से होली के रंग में रंग कर पर्व का मजा ले रहे हैं। रंगोत्सव का पर्व सोमवार को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इसके पहले ही रविवार से होली का रंग चढ़ गया है।

नांदगांव



### तैनात रहेगी पुलिस

होली के मद्देनजर पुलिस ने भी खासी तैयारी कर रखी है। शहर में कोई अप्रिय घटना घटित न हो इसके लिए पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी और शहर में अलग-अलग फिक्स पाइंट बनाकर शाम को अधिकारी-जवान तैनात हो गए। इसके पूर्व पुलिस ने शहर में शनिवार की शाम पुलिस जवानों के साथ फ्लेगमार्च किया। शहर के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी बड़ी संख्या में पुलिस जवान तैनात किए गए। जिले में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस मुख्यालय से अतिरिक्त बल मिला है।

### शुभ मुहूर्त में होलिका दहन



### इन स्थानों पर हुआ होलिका दहन

शहर में बरोंडा चौक, अम्बेडकर चौक, लोहिया चौक, स्टेशन पारा, नयापारा, इमलीभाठा, कलेक्टोरेट मार्ग, गुड़रुपारा व बजरंग चौक सहित कई स्थानों पर होलिका दहन की गई। पूरे शहर में डेढ़ सौ से अधिक स्थानों पर होलिका दहन की गई। होलिका उत्सव समितियां रात भर नगाड़ों की थाप और फागगीतों की धुन पर नाचते-गाते रहे।

होलिका दहन की तिथि 24 मार्च यानी रविवार सुबह 9 बजकर 54 मिनट से शुरू होगी और समापन 25 मार्च यानी सोमवार को दोपहर 12 बजकर 29 मिनट पर होगी। इस बार होलिका दहन को लेकर कोई असमंजस नहीं होने से लोगों में पर्व को लेकर खासा उत्साह है। शुभ मुहूर्त में होलिका दहन हुआ।



### केमिकल रंगों के बजाए हर्बल होली

चिकित्सकों ने लोगों को केमिकल युक्त रंगों की बजाय हर्बल होली खेलने की अपील की है। दुकानों में भी इस बार हर्बल गुलाल की अधिक खरीदी हो रही है। चिकित्सकों ने बताया कि चेहरे और आंख को रंगों से होने वाले नुकसान से बचाएं। संक्रमण होने पर तत्काल जिला अस्पताल पहुंचकर दवाएं ली जा सकती है।



### शराब दुकानों में उमड़ी भीड़

होली पर्व के मद्देनजर शहर सहित जिलेभर के शराब दुकानों में मदिरा प्रेमियों की भीड़ लगी रही। सोमवार 25 मार्च को शुष्क दिवस घोषित होने के बाद से दुकानें बंद होने की कारण मदिरा प्रेमियों द्वारा स्टॉक एकत्रित कर लिया गया। अंग्रेजी के अलावा मदिरा प्रेमियों की भीड़ देशी दुकानों में भी लगी रही। मदिरा प्रेमी शराब खरीदने के लिए लाइन लगाकर खड़े रहे।




### चिकन दुकानों में रही भीड़

इधर, होली पर्व को लेकर जहां शराब दुकानों में भीड़ लगी हुई है। वहीं चिकन दुकानों में भी भीड़ रही। होली पर्व को लेकर चिकन-मटन की खास डिमांड रही। चिकन व्यवसाइयों का कहना है कि बीते साल की तुलना में इस बार चिकन-मटन की बिक्री ज्यादा है। सुबह से शाम तक लोग यहां पहुंचते रहे।



### बाजार में जमकर हुई खरीदी

बाजार में लगे रंगगुलाल की दुकानों में भारी भीड़ रही। बच्चे, युवा पिचकारी, बाला, कैप और विग की खरीददारी कर रहे हैं। पर्व को लेकर सबसे अधिक उत्साह बच्चों में है। दुकानदारों ने ग्राहकों की अपेक्षा अनुरूप अपनी दुकानें सजा रखी है। ग्राहकी बढ़ने से दुकानदारों में भी उत्साह देखने को मिल रहा है। बताशा की भी जमकर बिक्री हुई।



### भा रहा है रंग-बिरंगी गुलाल

होली पर्व को लेकर इस बाजार में रंग-बिरंगी गुलाल लोगों को खास पसंद आ रहा है। लोग सामान्य गुलाल से ज्यादा इस बार लाल, हरा, नीला, पीला, गुलाबी, केसरिया गुलाल की खूब खरीदी की।

### युवाओं ने जमकर ने उड़ाए गुलाल

होली पर्व के एक दिन पहले ही स्कूल-कालेज में रंग गुलाल उड़े। छात्रों समेत युवक-युवतियों ने रंग गुलाल से सराबोर रहे। सहपाठियों, मित्रों को गुलाल लगाकर एक-दूसरे होली की शुभकामनाएं देते रहे।

## होली त्योहार के मद्देनजर पुलिस ने नगर में किया फ्लैग मार्च



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

होली त्यौहार के मद्देनजर जिले में पुलिस बल ने तैयारी पूरी कर ली है। शनिवार को जिलेभर के थाना क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया गया। मिली जानकारी के अनुसार जिलेभर में करीब 700 से 800 जवान तैनात रहेंगे। साथ ही अतिरिक्त पेट्रोलिंग की व्यवस्था भी की गई है। ज्ञात हो कि बीते कई वर्षों में होली त्यौहार के दौरान कई बड़ी घटनाएं हुई है। जिसके चलते ऐसी घटनाओं को रोकने पुलिस इस बार भी पूरी तैयारी के साथ है। होली त्यौहार के मद्देनजर पुलिस प्रशासन की तैयारी को लेकर पुलिस अफसरों ने बताया कि जिले के सभी थाना क्षेत्रों में फिक्स प्वाइंट बनाए गए हैं। जहां रविवार शाम से ही पुलिस बल तैनात हो जाएंगे। साथ ही अतिरिक्त पेट्रोलिंग की व्यवस्था भी की गई है। इसके अलावा पूरे जिलेभर में सैकड़ों जवानों के तैनात होने की जानकारी दी। पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाकर शराब पीकर वाहन चलाने व यातायात नियम के उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है।

### तीसरी आंख से रहेगी हुल्लड़ करने वालों पर नजर

होली पर हुड़दंगियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। शहर के चौक चौराहों में पुलिस जवानों की तैनाती के साथ शहर के चौक चौराहों में लगे सीसी टीवी कैमरे भी पुलिस को निगरानी में मददगार होंगे। वहीं, चुनाव आचार संहिता को देखते हुए तेज आवाज में बजने वाले डीजे पर भी कार्रवाई होगी। मिली जानकारी के अनुसार आगामी लोकसभा चुनाव एवं होली त्यौहार के मद्धेनजर शहर के समस्त पार्षद एवं गणमान्य नागरिक की उपस्थिति में मुख्य बिंदु को ध्यान में रखते हुए आगामी लोकसभा चुनाव, होली त्यौहार को निर्विघ्न, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण होली के उद्धेश्य से शांति समिति की बैठक भी हुई।

## होलिका दहन कर आज उड़ेंगे रंग-गुलाल, भद्रा काल समाप्ति के बाद किया गया होलिका दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

प्रेम भाईचारे का प्रतीक रंगों का पर्व होली 25



मार्च को नगर सहित अंचल में उल्लास के साथ मनाया जा रहा है और इसके पूर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक होलिका दहन एक दिन पूर्व किया गया। इसके लिए कई दिन पूर्व से तैयारियां शुरू हो जाती है। रंगों का पर्व होली के एक दिन पर्व होलिका दहन को लेकर बच्चों में सबसे ज्यादा उत्साह रहता है। और बच्चे कई दिन पूर्व से ही लड़कियां एकत्रित करना शुरू कर देते है। नगर के कई क्षेत्रों में बच्चों के द्वारा होलिका तैयार की गई है। इसी तरह ग्रामीण अंचलों में भी उल्लास के साथ होलिका दहन किया गया है।

इस बार होलिका दहन पर भद्रा का साया रहा । होली फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा तिथि पर भद्रा होने से रात 10:50 के बाद ही होलिका दहन करना शुभ रहेगा। होलिका दहन रवि बुधादित्य और सर्वार्थ सिद्धि योग में किया गया। आज 25 मार्च को होली खेली जा रही है।

### भद्रा सुबह 9ः 47 बजे प्रारंभ

24 मार्च को भद्रा सुबह 9. 47 बजे प्रारंभ हो गया है यह इस दिन रात 10ः 50 बजे तक रहेगी। भद्रा का विशेष प्रभाव शाम 6:33 बजे से रात 10 50 बजे तक रहेगा। भद्रा काल खत्म होने के बाद होलिका दहन करना श्रेष्ठ रहेगा। इस बार होलिका दहन सर्वार्थ सिद्धि और वृद्धि योग में उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र में प्रदोष युक्त पूर्णिमा में किया जा रहा है। वैसे तो तिथियां के और भद्रा के फेरे में अक्सर पर्व त्यौहार आते रहते है। लेकिन भद्रा तिथि में होलिका दहन करना और राखी बांधना शास्त्रों में निषेध कहा गया है।

### शुभ कार्य निषेध

पुराणों के अनुसार भद्रा भगवान सूर्य की पुत्री और शनिदेव की बहन हैं। पंचांग शुद्धि में भद्रा का खास महत्व होता है। यह प्रायः अशुभ दृष्टि वाली है। ज्योतिष में तिथि, वार, योग, नक्षत्र और कारण से मिलकर पंचांग बनता है। इनमें से सातवें कारण विष्टि का नाम ही भद्रा हैं । यह सदैव गतिशील होती है। वैसे तो भद्रा अर्थ मंगल करने वाला होता है। लेकिन इस अर्थ के विपरीत विष्टि या भद्रा करण में शुभ कार्य निषेध बताए गए। वैसे लगभग प्रत्येक पूर्णिमा पर भद्र आती है।



### बम्हनी हाईस्कूल में होली

**महासमुंद।** ग्राम बम्हनी हाईस्कूल में होली पर्व मनाया। छात्रों व शिक्षकों ने रंग गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी छात्र भूषण निषाद ने दी है।

## शराब कोचियों के खिलाफ पुलिस का एक्शन, कई मामले दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले की पुलिस ने लोक सभा चुनाव के चलते लगे आचार संहिता और होली के त्यौहार के मद्देनजर शराब के अवैध कारोबार पर नकेल कसने के लिए कोचियों पर लगातार की जा रही कार्रवाई के चलते जिले भर के अलग-अलग थानों में शराब की अवैध बिक्री करने वालों पर दर्जनों कार्रवाई दर्ज की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार बसना पुलिस ने आरोपी दयाराम सिदार पिता शौकीलाल (35) इंद्रानगर भंवरपुर को घर के सामने से 3000 एमएल महुआ शराब कीमत 600 रुपए और उत्तरा कुमार सागर पिता भोलानाथ (50) जमड़ी को कुड़ेकेल से बसना जाने का मार्ग पुलिया के पास मो.सा. डीलक्स कीमत 50 हजार रुपए में 10 हजार एमएल महुआ शराब कीमत 2 हजार को परिवहन करते हुए पकड़ा है। इसी प्रकार तुमगांव पुलिस ने आरोपी धनीराम साहू पिता देवाराम (40) समोदा, रायपुर को पुल के पास, अछोला से 6480 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 3960 रुपए को परिवहन करते हुए पकड़ा है। सिंघोड़ा पुलिस ने जनक सिदार पिता सरस सिदार (36) रूढ़ा को एन एच 53 रोड, ढाबा के सामने, ग्राम – बटकी से 10 हजार एमएल महुआ शराब कीमत 2000 रुपए को मो.सा. डीलक्स कीमत 30 हजार रुपए में ले जाते समय पकड़ा है। सरायपाली पुलिस ने आरोपी इंद्रविजय चक्रधारी पिता नारायण (44) बोंदा, डीपापारा, थाना- सरायपाली के पास से 3420 एमएव देशी प्लेन/अंग्रेजी गोवा शराब कीमत 1880 रुपए को जब्त किया गया है। पिथौरा पुलिस ने दो मामलों में शराब बिक्री करने वालों पर कार्रवाई की है। आरोपी परस मलिक पिता ननकु (25) दुरूगपाली, थाना – पिथौरा के कब्जे से4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए को जब्त कर अपराध कायम कर कार्रवाई में लिया गया। इसी तरह आरोपी कार्तिक यादव पिता सुंदर यादव (51) रामपुर, थाना – पिथौरा के कब्जे से 6000 एमएल महुआ शराब कीमत 1200 रुपए को जब्त किया गया है। पटेवा पुलिस ने डुमेश्वर साहू पिता उदयराम (40) बावनकेरा, थाना – पटेवा के पास से 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 1200 रु को जब्त कर कार्रवाई की है। बलौदा पुलिस ने ग्राम कोकड़ी रोड किनारे आरोपी उत्तम तांडी पिता साधुराम (29), आमिर सिक्का पिता मोहित (25) कोकड़ी के कब्जे से 10000 एमएल महुआ शराब कीमत 2000 रुपए को जब्त किया है। इन मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (ए), 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

हरिभूमि पाठक सूचना
महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

